# अनंतिम टेलीफोन साक्षात्कार लेने के लिए स्क्रिप्ट

# EORTC IL46

**संस्करण 1.1**

साक्षात्कार की तिथिः ______ / ______ / __________
*दिदि* *मामा* *वववव*

साक्षात्कारकर्ता का नामः ____________________, ________ ____________________
*उपनाम* *प्रथम नाम*

मरीज की आईडीः ______________________

# संदर्भ और उद्देश्य

EORTC IL46 एक 1-आइटम वाली आइटम सूची है जिसे कैंसर रोगियों में QoL के पहलुओं का आकलन करने के लिए विकसित किया गया है। EORTC IL46 को एक पेपर संस्करण के माध्यम से साक्षात्कार लेने के लिए विकसित किया गया था जो सीधे मरीज द्वारा पूरा किया जाता है। इस दस्तावेज़ का उद्देश्य EORTC IL46 के फ़ोन साक्षात्कार के लिए स्क्रिप्ट प्रदान करना है।

# विधियां

### साक्षात्कारकर्ता के लिए निर्देश

- कृपया स्क्रिप्ट का ठीक उसी तरह से अनुसरण करें जैसा कि लिखा गया है। सभी शब्दों को पढा जाना चाहिए।
- साक्षात्कारकर्ता के लिए नोट्स इटैलिक्स में लिखे गए हैं और इन्हें मरीज को पढ़कर नहीं सुनाना चाहिए।
- बॉक्स में दिए नोट्स में साक्षात्कार के दौरान संभावित रूप से होने वाली घटनाओं के लिए निर्देशों को कवर किया गया है।
- आपको प्रश्नों के उत्तर देने वाले मरीज की मदद नहीं करनी चाहिए; भले ही वे प्रश्नों को न समझें।
- कृपया उन्हें उत्तर देने के लिए पर्याप्त समय दें।
- मरीज जितनी बार भी प्रश्नों को दोहराने का अनुरोध करे, आप उसे उतनी बार पढ़कर सुना सकते हैं।
- कृपया मरीज द्वारा चुना गया जवाब चुनें।

### कॉपीराइट

EORTC IL46 EORTC (© कॉपीराइट 2019 EORTC क्वालिटी ऑफ़ लाइफ़ ग्रुप) का कॉपीराइट है। EORTC IL46 को EORTC से प्रदत्त लाइसेंस के तहत प्रदान किया गया है और इसे EORTC (EORTC Quality of Life Department, Ave. E. Mounier 83, B.11, 1200 Brussels, BELGIUM (बेल्जियम), Tel: +32 (0)2 774 1678), की पूर्व लिखित सहमति के बिना किसी भी तरह से कॉपी, वितरित या उपयोग नहीं किया जाना चाहिए।

# **EORTC IL46 फोन स्क्रिप्ट**

EORTC IL46

रोगी कभी-कभी रिपोर्ट करते हैं कि उन्हें नीचे लिखे लक्षण या समस्याएं हैं।

कृपया बताएं कि पिछले एक सप्ताह के दौरान आपने किस हद तक इन लक्षणों या समस्याओं का अनुभव किया है।

कृपया आप पर सबसे अच्छी तरह से लागू एक और केवल एक उत्तर को इंगित करके प्रश्नों का उत्तर दें।

इस प्रश्नावली में, 1 प्रश्न है जो आपसे पिछले एक सप्ताह के दौरान आपके लक्षणों और समस्याओं के बारे में पूछेंगे। प्रश्न के लिए जवाब विकल्प हैं, 'बिल्कुल नहीं', 'थोड़े से', 'काफ़ी ज़्यादा' और 'बहुत ज़्यादा'।
कृपया सवाल का वह जवाब सूचित करें जो आप पर सबसे अच्छी तरह से लागू होता हैः

1. पिछले एक सप्ताह के दौरान, आप अपने इलाज से होने वाले दुष्प्रभावों (पश्चात प्रभावों) से किस हद तक परेशान हुए हैं?
    1. बिल्कुल नहीं
    2. थोड़े से
    3. काफ़ी ज़्यादा
    4. बहुत ज़्यादा

[***प्रतिसाद रिकॉर्ड करें, ध्यान दें कि आपको मरीज को याद दिलाना पड़ सकता है कि प्रश्न का जवाब पिछले एक सप्ताह के दौरान के लिए होना चाहिए। यदि मरीज दो जवाब विकल्पों के बीच चयन नहीं कर सकता है, तो उस जवाब को चिह्नित करें जो ऊँचे वाले स्कोर से मेल खाता है***]

*यदि मरीज उचित समय के भीतर जवाब देने में विफल रहता है या कहता है कि उसे सवाल समझ में नहीं आया, तो पढ़ेंः*
क्या आपको दोबारा सवाल पढ़कर सुनाउं? [*उपयुक्त रूप से दोहराएं*]

*यदि मरीज एक से अधिक जवाब देने का प्रयास करता है, तो पढ़ेंः*
कृपया एक विकल्प का चयन करें [*जवाब विकल्प दोहराएं*]

*यदि मरीज किसी प्रश्न को छोड़ने के लिए पूछता है, तो अगली आइटम पर जाएं।* [*केवल मरीज द्वारा अनुरोध किए जाने पर - यह **मत** पूछिए कि क्या मरीज प्रश्न को छोड़ना चाहता है*]

*यदि मरीज ने कोई प्रश्न छोड़ दिया है, तो यहां प्रश्न दर्ज करें और साक्षात्कार के अंत में इस प्रश्न पर वापस आएं। यदि मरीज ने कोई प्रश्न छोड़ दिया था, क्योंकि वह इसका उत्तर नहीं देना चाहता था, तो प्रश्न का नोट बनाएं और आगे का कोई विवरण या स्पष्टीकरण दर्ज कर लें।*

……………………………………………………………………………………………………………………..........

……………………………………………………………………………………………………………………..........

*यदि मरीज ने  प्रश्न का उत्तर नहीं दिया है:*

- मैंने प्रश्न के लिए आपका उत्तर रिकॉर्ड नहीं किया है। क्या आप चाहेंगे कि मैं आपके लिए इसे फिर से पढ़ूं?
  - ➔ *यदि **हां**ः कृपया संबंधित प्रश्नों पर वापस जाएं और उन्हें फिर से पूछें।*
  - ➔ *यदि **नहीं**ः साक्षात्कार जारी रखें और समाप्त करें।*